# भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, मुंबई

विज्ञापन सं. 4ए /2012-13

**(यह विज्ञापन तथा ऑन-लाइन आवेदन करने के लिए लिंक भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in से प्राप्त किया जा सकता है।)**

भारतीय रिज़र्व बैंक (भारिबैं/बैंक) में निम्नलिखित पदों के लिए भारतीय नागरिकों, नेपाल के नागरिकों और भूटान की प्रजा, तिब्बती शरणार्थी (1 जनवरी 1962 से पहले भारत में आए हुए) और भारतीय मूल के व्यक्ति जो म्यांमार और श्रीलंका से भारत में स्थायी रुप से बसने के इरादे से आए हैं और जिनके पक्ष में भारत सरकार द्वारा जारी किया गया पात्रता प्रमाणपत्र हो, से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं ।

**आवेदन करने से पहले उम्मीदवारों को सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे पद के लिए पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं । भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड (इसके बाद इसे 'बोर्ड' कहा जाएगा) पद के लिए अपेक्षित शुल्क (जहां कहीं भी लागू हो) के साथ आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों को ऑन-लाइन आवेदन में दी गई जानकारी के आधार पर परीक्षाओं में प्रवेश देगा तथा उनकी पात्रता का निर्धारण केवल अंतिम स्तर अर्थात साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के समय ही करेगा । उस स्तर पर यदि यह पाया गया कि ऑन-लाइन आवेदन में दी गई कोई भी जानकारी झूठी/गलत है या बोर्ड के अनुसार उम्मीदवार पद के लिए पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है तो उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी तथा उन्हें साक्षात्कार में प्रवेश नहीं दिया जाएगा ।**

**उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in के माध्यम से केवल ऑन-लाइन आवेदन करें । आवेदन जमा करने के लिए कोई और तरीका उपलब्ध नहीं है ।**

**महत्वपूर्ण तारीखें :-**

| | |
|---|---|
| **वेबसाइट लिंक खुला रहेगा- आवेदनों के ऑन-लाइन पंजीकरण के लिए** | **12/06/2013 से 11/07/2013** |
| **शुल्क का भुगतान - ऑन-लाइन** | **12/06/2013 से 11/07/2013** |
| **बैंक शाखाओं में शुल्क का भुगतान (ऑफ-लाइन)** | **14/06/2013 से 15/07/2013** |

| पद | रिक्तियों की संख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | अनारक्षित अर्थात/ सामान्य (सामा) | अनुसूचित जाति (अजा) | अनुसूचित जनजाति (अजजा) | अन्य पिछडा वर्ग (अपिव)# | कुल |
| **अधिकारी ग्रेड 'बी' (सामान्य) -(सीधी भर्ती - डीआर)** | 49 | 15 | 07 | 27 | 98* |

**#** अपिव वर्ग से संबंधित जो उम्मीदवार 'क्रीमी लेयर' में आते हैं वे अपिव आरक्षण के लिए हकदार नहीं हैं । उन्हें अपने वर्ग का उल्लेख 'सामान्य (सामा)' के रुप में करना चाहिए ।

* उपर्युक्त 98 रिक्तियों में से 3 रिक्तियां विकलांग श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं - अस्थिरुप से विकलांग (अवि), बधिर तथा दृष्टिहीन विकलांग (दृवि) प्रत्येक के लिए एक पद । विकलांग उम्मीदवार किसी भी वर्ग - सामा/अजा/अजजा/अपिव के हो सकते हैं ।

<u>विकलांग उम्मीदवारों के लिए टिप्पणी:</u>

(1) अक्षमता की डिग्री (i) अस्थिरुप से विकलांगों के लिए न्यूनतम 40% होनी चाहिए (ii) बधिरों के मामले में न्यूनतम 40% - जीवन के साधारण उद्देश्यों के लिए श्रवण इन्द्रिय क्रियाशील न हो; ऊंची जबान में भी ध्वनि को बिलकुल सुन और समझ न सकें; बेहतर कान में 60 डेसिबल से अधिक (गंभीर दुर्बलता) बधिरता हो अथवा जिन्हें दोनों कानों से बिलकुल सुनाई न देता हो तथा (iii) दृष्टिहीन विकलांग उम्मीदवार माने जाने के लिए उन्हें निम्नलिखित शर्तों में से कोई एक पूरी करनी होगी:

(क) पूर्णतया दृष्टिहीनता ।

(ख) ऐसी दृष्टि जो बेहतर आंख में करेक्टिंग लेंसों के साथ 6/60 या 20/200 (स्नेलेन) से अधिक नहीं हो ।

(ग) 20 डिग्री या इससे भी कम डिग्री की दृष्टि सीमा के साथ ।

(2) विकलांग उम्मीदवारों के पास भारत सरकार/राज्य सरकार के प्राधिकृत विभाग/अस्पताल द्वारा जारी इस आशय का एक नवीनतम प्रमाण पत्र होना चाहिए ।

(3) अधिसूचित की गई कुल रिक्तियों के अंतर्गत अक्षमता के तीनों वर्गों में से किसी भी वर्ग से संबंधित विकलांग उम्मीदवारों पर उनकी उपयुक्तता के अधीन, विकलांग रिक्तियों का बैकलॉग खत्म करने के लिए इस विज्ञापन में विकलांगों के लिए अधिसूचित रिक्तियों के अतिरिक्त उनके चयन पर विचार किया जाएगा ।

(4) विकलांग उम्मीदवार किसी भी वर्ग (अर्थात सामान्य/अजा/अजजा/अपिव) के हो सकते हैं । विकलांगों के लिए आरक्षण क्षैतिज है तथा पद के लिए समग्र रिक्तियों के अंतर्गत हैं ।

2 **<u>पात्रता मानदंड :</u>**

**(क) <u>आयु (दिनांक 01/06/2013 को)</u>** : 21 और 30 वर्ष के बीच (उम्मीदवार का जन्म 02/06/1983 से पहले और 01/06/1992 के बाद का नहीं होना चाहिए) । जो उम्मीदवार एम.फिल और पीएच.डी. की अर्हता रखते हैं, उनके लिए ऊपरी आयु सीमा क्रमश: 31 और 33 वर्ष होगी। सरकारी क्षेत्र के किसी वाणिज्यिक बैंक/वित्तीय संस्थान में अधिकारी के पद का अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को ऊपरी आयु सीमा में अनुभव के वर्षों जितनी छूट दी जाएगी परंतु यह छूट अधिकतम तीन वर्ष की होगी । ऐसे उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा अनुभव सहित 33 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए । अनुभव के लिए **परिवीक्षा अवधि को नहीं गिना जाएगा** । विनिर्दिष्ट्वर्गों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट के लिए कृपया निम्नलिखित मद सं. 5 देखें ।

**(ख) <u>शैक्षिक अर्हताएं: (दिनांक 01/06/2013 को)</u>:** i) सभी सत्रों/वर्षों में समग्र रुप से न्यूनतम 60% अंक या समकक्ष ग्रेड के साथ प्रथम श्रेणी की स्नातक डिग्री या ii) सभी सत्रों/वर्षों में समग्र रुप से न्यूसनतम 55% अंक या उसके समक्ष ग्रेड के साथ द्वितीय श्रेणी की स्नातकोत्तर डिग्री या iii) सभी सत्रों/वर्षों में समग्र रुप से 50% अंक या उसके समक्ष ग्रेड की स्नातकोत्तर डिग्री के साथ डॉक्टरेट डिग्री या iv) स्नातक डिग्री के साथ सनदी/कॉस्ट लेखाकार/कंपनी सेक्रेटरी (एसीएस) या v) स्नातक डिग्री के साथ भारत सरकार/विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से मान्यता प्राप्त संस्थान से प्रबंधन में स्नातकोत्त र डिप्लोमा/एमबीए डिग्री।

**टिप्पणी:** (1) सभी सत्रों/वर्षों में समग्र रुप से न्यूनतम 50% अंक या समकक्ष ग्रेड के साथ द्वितीय श्रेणी में स्नातक अथवा स्नातकोत्तर डिग्री या उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त अर्हता वाले अजा/अजजा / विकलांग उम्मीदवार आवेदन करने के लिए पात्र हैं ।

(2) कुछ विश्वविद्यालय/ संस्थान श्रेणी अथवा अंकों के प्रतिशत नहीं अपितु समग्र ग्रेड प्वाइंट प्रदान करते हैं (उदाहरण के लिए सीजीपीए/ओजीपीए/सीपीआई आदि) । यदि विश्वविद्यालय/ संस्थान द्वारा समग्र ग्रेड प्वाइंटों को श्रेणी तथा/अथवा अंकों के प्रतिशत में बदलने का मानदंड बताया जाता है तो उसे स्वीकार किया जाएगा । तथापि यदि विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा समग्र ग्रेड प्वाइंटों को श्रेणी तथा/अथवा अंकों के प्रतिशत में बदलने का मानदंड नहीं बताया जाता है तो उसकी गणना निम्नानुसार की जाएगी:

| **समकक्ष सीजीपीए/ओजीपीए/सीपीआई अथवा कोई और शब्दावली जो 10 प्वाइंट स्केल पर दी गई है** | **श्रेणी/डिवीजन** | **अंकों का समग्र प्रतिशत** |
|---|---|---|
| 6.75 | I (प्रथम) | 60% |
| 6.25 | II (द्वितीय) | 55% |
| 5.75 | II (द्वितीय) | 50% |

(3) समग्र ग्रेड प्वाइंट अथवा अंकों के प्रतिशत, जहां दिए गए हों, का अभिप्राय पाठयक्रम की पूरी अवधि के होंगे ।

(4) जहां समग्र ग्रेड प्वाइंट (सीजीपीए/ओजीपीए/सीपीआई, आदि) 10 के अलावा अन्य किसी संख्या में से दिए गए हों तो इनका 10 में से सामान्यीकरण उक्त टिप्पणी (2) के अनुसार किया जाएगा ।

**(ग) <u>चयन योजना :</u>**

चयन परीक्षाओं और साक्षात्कार के माध्यम से होगा । परीक्षाएं निम्नानुसार दो चरणों मे होगी [चरण-I ऑन-लाइन परीक्षा (वस्तुनिष्ठ स्वरुप) तथा चरण-II लिखित परीक्षा (वर्णनात्मक स्वरुप)] :

**(I) <u>चरण-I - ऑन-लाइन परीक्षा (वस्तुनिष्ठ स्वरुप)</u>**: 200 अंकों की लगभग 3 घंटे की अवधि की यह परीक्षा 17/24/25 अगस्त 2013 को आयोजित की जाएगी । उम्मीदवारों की संख्या के आधार पर परीक्षा कुछ अन्य दिनों पर भी आयोजित की जा सकती है । तथापि एक उम्मीदवार को एक ही दिन परीक्षा के लिए उपस्थित होना होगा । उम्मीदवार को जिस तारीख को परीक्षा के लिए उपस्थित होना होगा तथा परीक्षा केंद्र उम्मीदवार द्वारा डाउनलोड किए जाने वाले प्रवेश पत्र में बताए जाएंगे । इस प्रश्न-पत्र में i) सामान्य ज्ञान ii) अंग्रेजी भाषा iii) परिमाणात्मक अभिरूचि और iv) तार्किक परीक्षा सम्मिलित है। परीक्षा के संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी सूचना हैंडआउट में दी जाएगी जिसे प्रवेश पत्र के साथ भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट से उम्मीदवारों द्वारा डाउनलोड किए जाने के लिए उपलब्ध कराया जाएगा ।

उम्मीदवारों को प्रत्येक परीक्षा में बोर्ड द्वारा यथा निर्धारित न्यूनतम अंक तथा समग्र अंक अलग-अलग प्राप्त करने होंगे । जो उम्मीदवार प्रत्येक परीक्षा के लिए यथा निर्धारित न्यूनतम अंक अलग-अलग प्राप्त करेंगे, उन्हें वस्तुनिष्ठ परीक्षा में कुल प्राप्तांक के आधार पर परीक्षा के चरण-II के लिए चुना जाएगा। परीक्षा के चरण-II के लिए चुने जाने के लिए न्यूनतम समग्र कट ऑफ अंकों का निर्धारण बोर्ड द्वारा रिक्तियों की संख्या के आधार पर किया जाएगा। ऑन-लाइन परीक्षा के चरण-I में चुने गए उम्मीदवारों के रोल नंबर भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएंगे तथा इसकी एक संक्षिप्त अधिसूचना सितंबर/अक्तूबर 2013 में मुख्य समाचार पत्रों में भी प्रकाशित की जाएगी ।

**(II) <u>चरण-II (वर्णनात्मक स्वरुप)</u>**: केवल चुने गए उम्मीदवारों के लिए चरण-II लिखित परीक्षा अक्तूबर/नवंबर 2013 में (अंतरिम रुप से) में आयोजित की जाएगी । तारीख और समय-सारणी की सूचना संबंधित उम्मीदवारों को उचित समय पर भेज दी जाएगी। इस परीक्षा में वर्णनात्मक स्वरुप के तीन प्रश्न पत्र होंगे -

**(i) प्रश्न-पत्र I - अंग्रेजी (ii) प्रश्न-पत्र II-आर्थिक और सामाजिक मुद्दे तथा (iii) प्रश्न-पत्र III - वित्त और प्रबंधन** । प्रत्येक प्रश्न-पत्र 3 घंटे की अवधि का और 100 अंक का होगा ।

**टिप्पणी:** चरण-I (अंग्रेजी परीक्षा को छोडक़र) और चरण-II के प्रश्न-पत्र II और प्रश्न -पत्र III हिंदी और अंग्रेजी में द्विभाषी रुप में तैयार किए जाएंगे । चरण-I ऑन-लाइन (वस्तुनिष्ठ स्वरुप) होगा तथा इसमें सही विकल्प पर निशान लगाना अपेक्षित होगा । तथापि, उम्मीदवार अपनी इच्छा के अनुसार चरण-II के प्रश्न -पत्र II और प्रश्न -पत्र III के उत्तर **<u>पूर्णत:</u>** हिंदी या अंग्रेजी में लिख सकते हैं ।

**(III) <u>पाठ्यक्रम (चरण-II)</u>**:

**(i) प्रश्न-पत्र I-अंग्रेजी:** निबंध, संक्षेपण, बोधगम्यता (कांप्रिहेंशन) और व्यावसायिक/कार्यालयीन पत्राचार

**(ii) प्रश्न-पत्र II - आर्थिक और सामाजिक मुद्दे:** वृद्धि और विकास - वृद्धि का पैमाना: राष्ट्रीय आय और प्रति व्यक्ति आय - भारत में गरीबी उन्मूलन और रोजगार निर्माण- निरंतर विकास और पर्यावरणीय मुद्दे । भारत में आर्थिक सुधार - औद्योगिक और श्रमिक नीति- मौद्रिक और राजकोषीय नीति-निजीकरण-आर्थिक आयोजना की भूमिका । भूमंडलीकरण- भारतीय अर्थव्यवस्था का खुलापन -भुगतान संतुलन, निर्यात-आयात नीति - अंतरराष्ट्रीय आर्थिक संस्थाएं - अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष और विश्व बैंक - विश्वव्यापार संगठन- क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग । भारत में सामाजिक संरचना - बहुसंस्कृवतिवाद-जनसंख्यात्मक प्रवृत्तियां-शहरीकरण और पलायन- लैंगिक समस्याएं - सामाजिक न्याय: अल्पसुविधा प्राप्त लोगों के पक्ष में सकारात्मक भेदभाव-सामाजिक आंदोलन - भारतीय राजनैतिक प्रणाली - मानव विकास - भारत में सामाजिक क्षेत्र, स्वास्थ्य और शिक्षा ।

**(iii) प्रश्न-पत्र III - वित्त और प्रबंधन**:

**वित्त :** संघीय बजट - प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर; राजस्व के करेतर स्रोत; परिव्यय; नवीन मापदंड; वित्तीय क्षेत्र के सुधार; पूंजी बाजार, मुद्रा बाजार और विदेशी मुद्रा बाजार; शेयर बाजार और उनका विनियमन; पूंजी बाजार के मध्यस्थ और उनका विनियमन; सेबी की भूमिका; मुद्रा बाजार के कार्य; मुद्रा बाजार का विकास और परिचालन;

विदेशी मुद्रा बाजार; फेरा से फेमा तक; विनिमय दर प्रबंधन; विनिमय जोखिम प्रबंधन; आर्थिक विकास में बैंक और वित्तीय संस्थाओं की भूमिका; बैंक और वित्तीय संस्थाओं का विनियमन; सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों में विनिवेश ।

**प्रबंधन:** प्रबंधन: इसकी प्रकृति और कार्यक्षेत्र; प्रबंधकीय प्रक्रिया; आयोजना, संगठन, स्टाफ नियोजन, निदेशन एवं नियत्रंण; किसी संगठन में प्रबंधक की भूमिका । नेतृत्व: नेता के कार्य; नेतृत्वशैली : नेतृत्व के सिद्धांत; सफल नेता बनाम प्रभावी नेता । मानव संसाधन विकास: मानव संसाधन विकास (एचआरडी) की अवधारणा; एचआरडी के लक्ष्य; कार्य निष्पादन मूल्यांकन– संभाव्यता मूल्यांकन और विकास – फीडबैक और कार्य निष्पादन परामर्श – कैरियर आयोजना – प्रशिक्षण और विकास – पुरस्कार – कर्मचारी कल्याण । अभिप्रेरणा, मनोबल और प्रोत्साहन: अभिप्रेरणा के सिद्धांत; प्रबंधक कैसे अभिप्रेरित करता है; मनोबल की अवधारणा; मनोबल को निर्धारित करने वाले तत्व ; मनोबल बढाने में प्रोत्साहनों की भूमिका । संप्रेषण; संप्रेषण प्रक्रियाक्रम; संप्रेषण माध्यम; मौखिक बनाम लिखित संप्रेषण; वाचिक बनाम अवाचिक संप्रेषण; उर्ध्वगामी, अधोगामी और पार्श्विक संप्रेषण; संप्रेषण की बाधाएं; सूचना तकनीक की भूमिका । कंपनी अभिशासन: कंपनी अभिशासन को प्रभावित करने वाले तत्व ; कपंनी अभिशासन के तंत्र।

**टिप्पणी:** (1) उपर्युक्त पाठ्यक्रम व्यापक न होकर केवल सांकेतिक हैं । यह ध्यान में रखते हुए कि विभिन्न संकाय के उम्मीदवार उक्त पद हेतु आवेदन करते हैं, प्रश्न–पत्र II और प्रश्न–पत्र III के प्रश्न मूलभूत स्वरुप के होंगे ।

(2) चरण–II के प्रश्न–पत्र I, II, और III में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर ही साक्षात्कार के लिए बुलाए जानेवाले उम्मीदवारों को चुना जाएगा। साक्षात्कार के लिए चुने जाने के लिए न्यूनतम कट ऑफ अंकों का निर्धारण बोर्ड रिक्तियों की संख्या के आधार पर करेगा । उम्मीदवार अपनी इच्छा के अनुसार हिंदी या अंग्रेजी में साक्षात्कार दे सकते हैं । अंतिम चयन परीक्षा के चरण–II और साक्षात्कार में उम्मीदवार के निष्पादन के आधार पर सम्मिलित रुप से किया जाएगा ।

**(घ) प्रयासों की संख्या:** सामान्य श्रेणी के जो उम्मीदवार इस पद के लिए लिखित परीक्षा में पहले चार बार बैठ चुके हैं वे आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं। अजा/अजजा/अपिव/विकलांग वर्ग के उम्मीदवारों के लिए ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं है, यदि पद उनके लिए आरक्षित हैं।

**(ङ) अजा/अजजा/विकलांग उम्मीरदवारों के लिए परीक्षा–पूर्व प्रशिक्षण:** बैंक अजा/अजजा/विकलांग उम्मीदवारों के लिए परीक्षा के चरण–I और II के लिए नि:शुल्क परीक्षा–पूर्व प्रशिक्षण की व्यवस्था उन केंद्रों पर करता है जहां उसके कार्यालय हैं । प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक उम्मीदवार दिए गए फार्मेट में नीचे दिए गए केंद्रों (**) में से किसी एक केंद्र, जो उनके लिए सुविधाजनक हो, के भारतीय रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक/ महाप्रबंधक को अलग से दिनांक 11 जुलाई 2013 तक आवेदन कर सकते हैं । उम्मीदवारों को प्रशिक्षण के लिए अपने आवेदन भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड कार्यालय (बोर्ड) को नहीं भेजने चाहिए क्योंकि बोर्ड ऐसे आवेदनों पर विचार नहीं करेगा ।

**प्रशिक्षण के लिए आवेदन फार्म**

क्षेत्रीय निदेशक/महाप्रबंधक स्थान:

भारतीय रिज़र्व बैंक दिनांक:

मानव संसाधन प्रबंध विभाग

**________________

महोदय,

परीक्षा–पूर्व प्रशिक्षण–अधिकारी ग्रेड 'बी'(सामान्य)–(डीआर)

मैंने अधिकारी ग्रेड 'बी' (सामान्य) (डीआर) के पद के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड को आवेदन किया है। कृपया अंग्रेजी/हिंदी# माध्यम से दिए जानेवाले प्रशिक्षण के लिए मेरा नाम पंजीकृत करें । मेरी जाति/शारीरिक विकलांगता के प्रमाणपत्र की अनुप्रमाणित प्रति संलग्र है। मैं नोट करता/करती हूं कि प्रशिक्षण के लिए ठहरने और अपने सभी व्याय की व्यवस्था स्वयं करुंगा/करुंगी । मैं यह भी नोट करता/करती हूं कि प्रशिक्षण से मुझे परीक्षा में बैठने या बैंक की सेवा में भर्ती का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा ।

भवदीय/भवदीया

(हस्ताक्षर)

नाम और पता अनुलग्रक: जाति/शारीरिक विकलांगता प्रमाणपत्र की अनुप्रमाणित प्रति । # जो लागू न हो उसे काट दें ।

(नोट: उम्मीदवारों की संख्या पर्याप्त होने पर ही हिंदी में प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की जाएगी )

** केंद्रों के पते : निम्नलिखित में से किसी एक केंद्र का चयन करें :

आश्रम रोड, अहमदाबाद – 380014; 10/3/08, नृपतुंगा रोड, बेंगलूर – 560001; होशंगाबाद रोड, भोपाल – 462011; पं. जवाहरलाल नेहरु मार्ग, भुवनेश्वर – 751001; सेंट्रल विस्टा, टेलीफोन भवन के सामने, सेक्टर 17, चंडीगढ़– 160017; फोर्ट ग्लेसिस, 16 राजाजी सालै, चेन्नै– 600001; स्टेशन मार्ग, पानबाजार, गुवाहाटी – 781001; 6-1-56, सचिवालय मार्ग, सैफाबाद, हैदराबाद – 500004; रामबाग सर्किल, टोंक रोड, जयपुर – 302004; रेल हैड कॉम्प्लेक्स, जम्मू – 180012; महात्मा गांधी रोड, कानपुर – 208001; एर्णाकुलम उत्तर, कोची – 682018; 15 नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता– 700001; 8-9, विपिन खंड, गोमती नगर, लखनऊ – 226001; प्लाट नं. 3, सेक्टर 10, एच.एच.निर्मलादेवी मार्ग, सीबीडी, बेलापुर, नवी मुंबई – 400614; मुख्य कार्यालय भवन, डॉ. राघवेन्द्र राव रोड, सिविल लाईन्स, नागपुर– 440001; 6, संसद मार्ग, नई दिल्ली – 110001; 7वां तल, गेरा इम्पीरियम–II, पट्टो, पणजी, गोवा – 403001; दक्षिणी गांधी मैदान, पटना – 800001; कृषि बैंकिंग महाविद्यालय, भारतीय रिज़र्व बैंक, विद्यापीठ मार्ग, पुणे – 411016; बेकरी जंक्शन, तिरुवनंतपुरम– 695033.

3. **परीक्षा केंद्र:**

**(I) चरण–I** के लिए ऑन–लाइन परीक्षा निम्नलिखित **केन्द्रों** पर आयोजित की जाएगी :

| राज्य/केंद्रशासित प्रदेश | केंद्र | राज्य/केंद्र शासित प्रदेश | केंद्र | राज्य/केंद्र शासित प्रदेश | केंद्र |
|---|---|---|---|---|---|
| अंडमान और निकोबार | पोर्ट ब्लेयर | झारखंड | बोकारो | उडीसा | भुवनेश्वर |
| आंध्र प्रदेश | गुंटूर | | धनबाद | | कटक |
| | हैदराबाद | | जमशेदपुर | | संबलपुर |
| | करीमनगर | | रांची | पुद्दुचेरी | पुद्दुचेरी |
| | राजामुंदरी | कर्नाटक | बेलगाम | पंजाब | अमृतसर |
| | तिरुपति | | बेंगलुरु | | भटिंडा |
| | विजयवाडा | | गुलबर्गा | | जालंधर |
| | विशाखापट्टनम | | हुबली | | लुधियाना |
| अरुणाचल प्रदेश | इटानगर | | मैंगलोर | | मोहाली |
| आसाम | डिब्रूगढ़ | | मैसूर | | पटियाला |
| | गुवाहाटी | | उडिपि | राजस्थान | अजमेर |
| | जोरहाट | केरल | कन्नूर | | जयपुर |
| | सिलचर | | कोच्चि | | जोधपुर |
| बिहार | भागलपुर | | कोट्टयम | | कोटा |
| | मुज़फ्फरपुर | | कोझिकोड | | उदयपुर |
| | पटना | | त्रिचुर | सिक्किम | गंगटोक |
| चंडीगढ़ | चंडीगढ़ | | तिरुवनंतपुरम | तमिलनाडू | चेन्नै |
| छत्तीसगढ़ | रायपुर | लक्षद्वीप | कावारत्ती | | कोयम्बत्तूर |
| दादरा और नगर हवेली | बुलसर | मध्य प्रदेश | भोपाल | | मदुरै |
| दमन और दीव | बुलसर | | ग्वालियर | | सेलम |
| | जामनगर | | इंदौर | | तिरुचिरापल्ली |
| गोवा | पणजी | | जबलपुर | | तिरुनेलवेली |
| गुजरात | अहमदाबाद | महाराष्ट्र | औरंगाबाद | त्रिपुरा | अगरतला |
| | भावनगर | | कोल्हापुर | उत्तर प्रदेश | आगरा |
| | बुलसर | | मुंबई | | इलाहाबाद |
| | जामनगर | | नागपुर | | बरेली |
| | राजकोट | | नासिक | | गोरखपुर |
| | सूरत | | पुणे | | कानपुर |
| | वडोदरा | | सोलापुर | | लखनऊ |
| हरियाणा | हिसार | मणिपुर | इम्फाल | | मेरठ |
| | करनाल | मेघालय | शिलांग | | वाराणसी |
| | पंचकुला | मिजोरम | आइजोल | उत्तराखंड | देहरादून |
| | रोहतक | नागालैंड | कोहिमा | | हल्दवानी |
| हिमाचल प्रदेश | धर्मशाला | नई दिल्ली | नई दिल्ली | पश्चिम बंगाल | बेरहमपुर (पश्चिम बंगाल) |
| | शिमला | उडीसा | बालासोर | | दुर्गापुर |
| जम्मू और कश्मीर | जम्मू | | बेरहमपुर (गंजम) | | कोलकाता |
| | | | | | सिलीगुड़ी |

**टिप्पणी:** (i) **तथापि बोर्ड को यह अधिकार है कि** वह प्रतिसाद, प्रशासनिक व्यवहार्यता आदि के आधार पर **किसी भी परीक्षा केंद्र को रद्द कर सकता है तथा/अथवा नए केंद्र जोड़ सकता है।** (ii) जहां तक संभव होगा उम्मीदवारों को उनके द्वारा चुना गया केंद्र आबंटित किया जाएगा । तथापि बोर्ड को यह अधिकार है कि वह उम्मीदवार को उनके द्वारा चुने गए केंद्र से इतर कोई भी केंद्र आबंटित कर सकता है । (iii) उम्मीदवार परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र पर अपने जोखिम तथा व्यय पर उपस्थित होंगे तथा बोर्ड किसी भी प्रकार की चोट अथवा नुकसान आदि के लिए उत्तरदायी नहीं होगा । **(iv) परीक्षा केंद्र मे परिवर्तन संबंधी किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा ।**

**(II) चरण–II** के लिए वर्णनात्मक लिखित परीक्षा निम्नलिखित **केंद्रों** (कोड संख्या कोष्ठक में दी गई है) पर आयोजित की जाएगी:

| केन्द्र का नाम | कोड सं. | केन्द्र का नाम | कोड सं. |
|---|---|---|---|
| अहमदाबाद | (11) | जम्मू | (21) |
| बेंगलूर | (12) | कानपुर | (22) |
| भोपाल | (13) | कोची | (23) |
| भुवनेश्वर | (14) | लखनऊ | (24) |
| कोलकाता | (15) | मुंबई | (25) |
| चंडीगढ़ | (16) | नागपुर | (26) |
| चेन्नै | (17) | नई दिल्ली | (27) |
| गुवाहाटी | (18) | पटना | (29) |
| हैदराबाद | (19) | पुणे | (30) |
| जयपुर | (20) | तिरुवनंतपुरम | (31) |

उम्मीदवार चरण–I के लिए केवल एक तथा चरण–II के लिए केवल एक केंद्र का चयन अलग से कर सकते हैं तथा चयनित केंद्र का उल्लेख आवेदन में अवश्य किया जाए । चरण–I तथा चरण–II परीक्षाओं के लिए उम्मीदवार अलग–अलग केंद्र का चयन कर सकते हैं तथा इसका उल्लेख ऑन–लाइन आवेदन में अवश्य किया जाए । परीक्षा के केन्द्र और तारीखों को बोर्ड के विवेकानुसार परिवर्तित किया जा सकता है । किसी भी केन्द्र पर परीक्षा रद्द किये जाने की स्थिति में बोर्ड, अपने विवेक पर, संबंधित उम्मीदवारों को वैकल्पिक केन्द्र आबंटित कर सकता है । केवल चरण–I ऑन–लाइन परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र बैंक की वेबसाइट पर दिए गए लिंक से उम्मीदवारों द्वारा डाउनलोड किया जाना चाहिए अर्थात प्रवेश पत्र के बिना उम्मीदवार को ऑन–लाइन परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जाएगा ।

4. आवेदन शुल्क (अप्रतिदेय):

₹400/- **(चार सौ रुपये केवल)** ।

अजा/अजजा/विकलांग उम्मीदवारों द्वारा कोई शुल्क देय नहीं है । शुल्क का भुगतान **केवल** इस विज्ञापन में निर्धारित तरीके (निम्नलिखित मद सं. 8) से ही किया जाना अपेक्षित है । एक बार शुल्क का भुगतान किए जाने पर उसे किसी भी स्थिति में लौटाया नहीं जाएगा ।

5. ऊपरी आयु सीमा में छूट:

ऊपरी आयु सीमा में छूट इस प्रकार है:

(क) अपिव के उम्मीदवारों के मामले में तीन वर्ष यदि **उनके लिए पद आरक्षित हैं** ।

(ख) निम्नलिखित के मामले में पांच वर्ष : i) अजा/अजजा उम्मीदवार **यदि उनके लिए पद आरक्षित हैं** । ii) वर्तमान में रोजगार केंद्र में पंजीकृत बैंकिंग संस्थाओं के वे भूतपूर्व कर्मचारी जिनकी सेवाएं मितव्ययता के कारण या बैंक के परिसमापन के परिणामस्वरुप समाप्त कर दी गई थी तथा न्यूनतम एक वर्ष की सेवा के बाद सरकारी कार्यालयों से छंटनी हुए कर्मचारी iii) वे भूतपूर्व सैनिक (आपातकालीन कमीशन–प्राप्त अधिकारियों/अल्पावधि सेवा कमीशन–प्राप्त अधिकारियों सहित) बशर्ते आवेदनकर्ता ने सेना में लगातार कम से कम 5 वर्ष सेवा की हो और जो निर्दिष्ट कार्यकाल पूरा होने पर सेवामुक्त किये गये हैं (इनमें वे भी शामिल हैं जिनका कार्यकाल एक वर्ष में पूरा होने वाला है) किंतु इनमें वे भूतपूर्व सैनिक शामिल नहीं हैं जिन्हें कदाचार या अकुशलता या शारीरिक अक्षमता के कारण सेवामुक्त किया गया है अथवा जो सैन्य सेवा से संबंधित अपंगता या अशक्तता के कारण से सेवामुक्त कर दिए गए हों । iv) ऐसे आपातकालीन कमीशन – प्राप्त अधिकारियों/अल्पावधि सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों, जो पांच वर्ष की मिलीटरी सेवा में प्रारंभिक काल पूरा कर चुके हों लेकिन जिनका कार्यकाल पांच वर्ष से अधिक अवधि के लिए बढ़ा दिया गया हो तथा जिनके मामले में रक्षा मंत्रालय इस आशय का प्रमाणपत्र जारी करे कि चयन होने पर नियुक्ति का प्रस्ताव प्राप्त होने की तारीख से तीन महीने के भीतर ही उन्हें कार्यमुक्त कर दिया जाएगा । v) वे उम्मीदवार जो 1 जनवरी 1980 और 31 दिसंबर 1989 के बीच की अवधि में सामान्यत: जम्मू और कश्मीर डिवीजन के अधिवासी रहे थे।

(ग) विकलांग उम्मीदवार (सामान्य) के लिए 10 वर्ष; विकलांग उम्मीदवार (अपिव) के लिए 13 वर्ष तथा विकलांग उम्मीदवार (अजा/अजजा) के लिए 15 वर्ष।

**टिप्पणी: आयु सीमा में संचयी छूट उपर्युक्त मदों या अन्य मदों के संयोजन से नहीं दी जाएगी ।**

6. सेवा शर्तें/ कैरियर–संभावनाएं:

(I) वेतनमान :

ग्रेड 'बी' अधिकारियों के लिए लागू ₹21000-1000-30000–द.रो.–1000-32000-1100-36400 के वेतनमान पर चयनित उम्मीदवारों का प्रारंभिक मूल वेतन ₹21,000/- प्रतिमाह होगा तथा वे समय–समय पर लागू नियमों के अनुसार महंगाई भत्ते, स्थानीय भत्ते, मकान किराया भत्ते, परिवार भत्ते तथा ग्रेड भत्ते के लिए भी पात्र होंगे । वर्तमान में कुल प्रारंभिक मासिक परिलब्धियां लगभग ₹47,855/- हैं ।

**टिप्पणी:** जो उम्मीदवार बैंक के लिए सार्थक महत्त्व की उच्च शैक्षिक योग्यता अथवा व्यावसायिक योग्यता/ विशेष अनुभव रखते हों उन उम्मीदवारों को बैंक अपने विवेक पर चार अग्रिम वेतन वृद्धियां देने पर विचार कर सकता है । बोर्ड, साक्षात्कार के समय बैंक के सार्थक महत्त्व के लिए उचितर योग्यता/विशेष अनुभव के कारण उच्चतर परिलब्धियों के अनुरोध पर विचार करने का एक मात्र अधिकार रखता है । ऐसी जानकारी बायोडाटा फार्म के उचित कॉलम में दी जाए । अधिकतम वेतनवृद्धियों की संख्या चार होगी। बोर्ड/बैंक साक्षात्कार के बाद प्राप्त हुए अनुरोध पर विचार नहीं करेगा ।

(ii) अनुलाभ:

पात्रता के अनुसार बैंक आवास, उपलब्ध हो तो, कार्यालयीन उद्देश्य से वाहन के अनुरक्षण के लिए व्यय की प्रतिपूर्ति, समाचार पत्र, टेलीफोन प्रभार, पुस्तक अनुदान, आवास की फर्निशिंग के लिए भत्ते आदि । पात्रता के अनुसार ओपीडी उपचार/ हस्पताल में भर्ती होने के लिए चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति सहित नि:शुल्क औषधालय की सुविधा । ब्याज मुक्त त्यौहार अग्रिम, छुट्टी किराया रियायत (दो वर्ष में एक बार स्वयं पति/पत्नी तथा पात्र आश्रितों के लिए) । आवास, कार, शिक्षा, उपभोक्ता वस्तुएं, पर्सनल कंप्यूटर आदि के लिए रियायती ब्याज दरों पर ऋण तथा अग्रिम । इन पदों से भविष्य निधि, पेंशन, ग्रैच्युटी के लाभ भी जुड़े हुए हैं ।

मुंबई में आवास के बाजार मूल्य को ध्यान में रखते हुए बैंक के लिए लागत के आधार पर अधिकारी ग्रेड 'बी' के पद से जुड़े स्वीकार्य अनुलाभों सहित कुल वेतन तथा भत्ते का योग ₹13.00 लाख प्रतिवर्ष (लगभग) है ।

(iii) पदों के लिए चयनित उम्मीदवारों पर **'डिफाइन्ड कान्ट्रिब्यूशन न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस)'** लागू होगी ।

(iv) कुछ केंद्रों में सीमित संख्या में आवासीय क्वार्टर की सुविधा उपलब्ध है । किंतु पट्टे पर आवासीय सुविधा सभी केंद्रों में उपलब्ध है ।

(v) प्रारंभिक नियुक्ति दो वर्ष की अवधि के लिए परिक्षा पर होगी । बैंक के विवेकानुसार परिक्षा की अवधि अधिकतम चार वर्षों तक बढ़ाई जा सकती है ।

(vi) उच्चतर ग्रेडों में पदोन्नति की पर्याप्त संभावनाएं हैं ।

(vii) चुने गए उम्मीदवारों को भारत में कही भी तैनात और स्थानांतरित किया जा सकता है।

7. सामान्य नियम/अनुदेश:

(i) आवेदन करने के लिए पात्र तथा इच्छुक उम्मीदवार अपेक्षित शुल्क (जहां कहीं लागू हो) के साथ ऑन–लाइन आवेदन प्रस्तुत करें । उम्मीदवारों को केवल ऑन–लाइन तरीके से आवेदन करना होगा । ऑन–लाइन आवेदन करने से पहले उम्मीदवार के लिए अपेक्षित है कि उसके पास एक वैध ई–मेल आईडी (जो पूरी भर्ती प्रक्रिया के दौरान सक्रिय रहनी चाहिए), उनके फोटो तथा हस्ताक्षर का स्कैन किया गया (डिजिटल) प्रतिरुप (इमेज) हो जैसा निम्नलिखित मद सं. 10 में विनिर्दिष्ट किया गया है ।

(ii) **ऑन–लाइन आवेदन करते समय उम्मीदवारों को किसी भी पते पर अपने आवेदन का प्रिंटआउट या कोई प्रमाणपत्र या इनकी प्रतिलिपियां भेजने की जरूरत नहीं है** (ऑफ–लाइन आवेदन/आवेदन की हार्डकॉपी स्वीकार नहीं की जाएगी) । ऑन–लाइन आवेदन में दी गई जानकारी के आधार पर ही उनकी उम्मीदवारी पर विचार किया जाएगा। यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि ऑन–लाइन आवेदन में दी गई जानकारी गलत/झूठी है या बैंक के अनुसार उम्मीदवार पात्रता के मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है तो उसकी उम्मीदवारी/नियुक्ति रद्द/समाप्त कर दी जाएगी ।

(iii) किसी अन्य तरीके, जो विज्ञापन में निर्धारित न किया गया हो, से किया गया भुगतान तथा/अथवा बिना शुल्क (जब तक छूट न दी गई हो) के जमा किए गए आवेदन रद्द कर दिए जाएंगे तथा इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा ।

(iv) सभी शैक्षणिक अर्हताएं भारत या विदेश के मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/संस्थाओं से प्राप्त की गई हों । यदि अंकों के बजाय ग्रेड प्रदान किया गया हो तो उम्मीदवार उनके समकक्ष अंक स्पष्टरूप से अवश्य दें ।

(v) उम्मीदवारों को सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे आवेदित पद के पात्रता मानदंडों को सभी प्रकार से पूरा करते हैं । बोर्ड पद के लिए अपेक्षित शुल्क (जहां कहीं भी लागू हो) के साथ आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों को ऑन–लाइन आवेदन में दी गई जानकारी के आधार पर ऑन–लाइन परीक्षा में प्रवेश देगा तथा उनकी पात्रता का निर्धारण केवल अंतिम स्तर अर्थात साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के समय ही करेगा ।

(vi) आवेदन करने के लिए अपनी पात्रता के संबंध में सलाह मांगने वाले उम्मीदवारों से प्राप्त पत्रों पर बोर्ड विचार नहीं करेगा ।

(vii) ऐसे उम्मीदवार जो पहले से सरकारी/अर्ध–सरकारी संगठनों और सरकारी क्षेत्र के बैंकों/उपक्रमों में सेवारत हैं, उन्हें साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' प्रस्तुत करना होगा । **'अनापत्ति प्रमाणपत्र' के बिना किसी भी उम्मीदवार को साक्षात्कार में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।** भारतीय रिज़र्व बैंक में नियुक्ति से पहले उन्हें पूर्व नियोक्ता से एक उचित सेवा–मुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा ।

(viii) **सभी पंजीकृत उम्मीदवारों के लिए अपेक्षित होगा कि वे चरण–I के लिए बैंक की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड करें** जो उचित समय पर, परंतु ऑन–लाइन परीक्षा की तारीख से काफी पहले, उपलब्ध कराया जाएगा । **इसके बारे में सूचना ईमेल/एसएमएस द्वारा भेजी जाएगी ।**

(ix) बोर्ड के साथ पत्राचार करते समय **आवेदन प्रस्तुत करने पर प्राप्त पंजीकरण संख्या** तथा प्रवेश–पत्र में दिया गया **रोलनंबर** अवश्य लिखें ।

**(x) दोनों परीक्षाओं के लिए उम्मीदवारों को स्वयं के खर्चे पर आना होगा । तथापि साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों को उनके आवास स्थान/कार्य के स्थान, जो भी निकट हो, से साक्षात्कार के स्थान तक आने और जाने के लिये लघुतम मार्ग द्वारा प्रथम श्रेणी (गैर वातानुकूलित) (नॉन–एसी)/II एसी के वास्तविक रेल भाड़े की प्रतिपूर्ति की जाएगी ।**

(xi) भारतीय रिज़र्व बैंक के कर्मचारी (स्टाफ उम्मीदवार), जो बैंक द्वारा अलग से निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं तथा जो अंतिम तारीख से पहले ऑन–लाइन आवेदन करते हैं, भी इस पद के लिए आवेदन कर सकते हैं ।

(xii) बोर्ड द्वारा उम्मीदवारों को अंक–सूची नहीं दी जाती है । तथापि चरण–II परीक्षा और साक्षात्कार के अंक, अंतिम परिणाम की घोषणा के बाद बैंक की वेबसाइट पर इंटरएक्टिव मोड पर उपलब्ध होंगे ।

(xiii) किसी भी प्रकार की अनुयाचना उम्मीदवार की अयोग्यता मानी जाएगी ।

(xiv) पात्रता, परीक्षा के संचालन, साक्षात्कार, मूल्यांकन, रिक्तियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए दोनों परीक्षाओं तथा साक्षात्कार में न्यूनतम अर्हता मानक निर्धारित करने और परिणामों की सूचना देने से संबंधित सभी मामलों में बोर्ड का निर्णय अंतिम तथा उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा तथा इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा ।

(xv) जहां परीक्षा आयोजित की जा रही है उस परिसर में मोबाइल फोन, पेजर, लैपटॉप, आई–पैड या अन्य कोई संचार उपकरण अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी । इन अनुदेशों का उल्लंघन किया जाता है तो उम्मीदवार को इस परीक्षा के लिए अयोग्य ठहराए जाने के साथ–साथ भविष्य में आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के लिए भी प्रतिबंधित किया जाएगा ।

(xvi) इस विज्ञापन से उत्पन्न कोई भी विवाद केवल मुंबई स्थित न्यायालयों के एकमात्र अधिकार क्षेत्र के अधीन होगा ।

8.आवेदन कैसे करें:

उम्मीदवारों को 12/06/2013 से 11/07/2013 तक बैंक की वेबसाइट अर्थात www.rbi.org.in के माध्यम से केवल **ऑन–लाइन** आवेदन करना होगा । ऑन–लाइन आवेदन करने के लिए विस्तृत अनुदेश वेबसाइट पर उपलब्ध हैं । **उम्मीदवारों को ऑन–लाइन आवेदन का सिस्टम से प्राप्त प्रिंटआउट (हार्डकॉपी) बोर्ड कार्यालय को भेजने की आवश्यकता नहीं है ।**

**ऑन–लाइन आवेदन करने के लिए पूर्वापेक्षा:**

ऑन–लाइन आवेदन करने से पूर्व उम्मीदवारों को निम्नलिखित तैयारी करनी चाहिए–

(i) इस विज्ञापन की मद 10 में फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर को स्कैन करने के लिए दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार अपना फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर स्कैन करें ।

(ii) **यदि अपेक्षित आवेदन शुल्क का भुगतान ऑन–लाइन** किया जाना वांछनीय है तो आवश्यक ब्यौरे/दस्तावेज तैयार रखें (**ऑफ–लाइन भुगतान अर्थात सीबीएस** के मामले में उम्मीदवारों को ऑन–लाइन आवेदन कर शुल्क भुगतान चालान प्राप्त करना होगा तथा इसके बाद आवश्यक आवेदन शुल्क का प्रेषण करना होगा) ।

(iii) उम्मीदवार के पास एक वैध ई–मेल आईडी होनी चाहिए जिसे अंतिम परिणाम की घोषणा होने तक सक्रिय रखा जाना चाहिए । यह प्रवेश पत्र/साक्षात्कार की सूचना आदि ई–मेल से प्राप्त करने के लिए अनिवार्य है । भर्ती प्रक्रिया पूरी होने तक ई–मेल आईडी में परिवर्तन पर विचार नहीं किया जाएगा ।

**आवेदन शुल्क, दोनों तारीखों को मिलाकर दिनांक 12/06/2013 से 11/07/2013 (ऑन–लाइन भुगतान) तथा दिनांक 14/06/2013 से 15/07/2013 (ऑफ–लाइन भुगतान) तक देय हैं ।**

– अजा/अजजा/विकलांग उम्मीदवारों के लिए कोई शुल्क नहीं है ।

– अन्य सभी के लिए ₹400/-

आवेदन शुल्क के ऑफ–लाइन/ऑन–लाइन भुगतान के लिए बैंक लेनदेन प्रभारों का वहन उम्मीदवार द्वारा किया जाएगा ।

**ऑन-लाइन आवेदन करने की प्रक्रिया**

(i) ऑन-लाइन आवेदन भरने के लिए उम्मीदवार बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in पर जाएं।

(ii) उम्मीदवारों को अपने आधारभूत ब्यौरे भरने होंगे तथा इस विज्ञापन की मद 10 में दिए गए विनिर्देशों के अनुसार ऑन-लाइन आवेदन फार्म में फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर अपलोड करने होंगे।

**भुगतान का तरीका**

उम्मीदवारों के पास विकल्प है कि वे अपेक्षित शुल्क का भुगतान ऑन-लाइन अथवा ऑफ-लाइन तरीके से करें :

**विकल्प-I:** शुल्क का भुगतान (ऑफ-लाइन भुगतान):

(I) उम्मीदवार ऑन-लाइन आवेदन में उपयुक्त स्थानों पर सभी ब्यौरे ध्यानपूर्वक भरें तथा ऑन-लाइन आवेदन के अंत में " SUBMIT" बटन पर क्लिक करें। "SUBMIT" बटन दबाने से पहले उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे भरे गए प्रत्येक फील्ड की पुन: जांच कर लें। सिस्टम द्वारा एक अनंतिम पंजीकरण/प्राप्ति संख्या तथा पासवर्ड तैयार किया जाएगा तथा स्क्रीन पर दिखाया जाएगा। उम्मीदवार पंजीकरण संख्या तथा पासवर्ड लिखकर रख लें। अनंतिम पंजीकरण संख्या तथा पासवर्ड दर्शाता हुआ एक ई-मेल तथा एसएमएस भी भेजा जाएगा।

(II) यदि उम्मीदवार एक ही बार में डेटा न भर पाएं तो वे पहले से भरे हुए डेटा को सेव (SAVE) कर सकते हैं। जब डेटा सेव किया जाता है तब सिस्टम द्वारा पंजीकरण संख्या तथा पासवर्ड तैयार किया जाएगा तथा स्क्रीन पर दिखाया जाएगा। उम्मीदवार पंजीकरण संख्या तथा पासवर्ड लिखकर रख लें। पंजीकरण संख्या तथा पासवर्ड दर्शाता हुआ एक ई-मेल तथा एसएमएस भेजा जाएगा। उम्मीदवार पंजीकरण संख्या तथा पासवर्ड का उपयोग करके सेव किया गया डेटा पुन: खोल सकते हैं तथा यदि आवश्यक हो तो ब्यौरे संपादित कर सकते हैं। इस सुविधा का प्रयोग **केवल तीन बार** किया जा सकता है। आवेदन के पूरी तरह भर जाने पर उम्मीदवार डेटा सबमिट करें। उम्मीदवार सिस्टम द्वारा तैयार किए गए शुल्क भुगतान चालान का प्रिंटआउट तुरंत प्राप्त करें। इसके बाद कोई भी परिवर्तन/संपादन करने की अनुमति नहीं होगी। इस चरण में पंजीकरण अंतिम है।

(III) शुल्क भुगतान पंजीकरण के बाद दूसरे कार्यदिवस से स्वीकार किया जाएगा तथा यह तीन कार्यदिवसों के भीतर बैंक ऑफ बड़ौदा/ बैंक ऑफ इंडिया/ बैंक ऑफ महाराष्ट्र/इंडियन ओवरसीज बैंक/सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया/ पंजाब नेशनल बैंक/ यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया की किसी भी शाखा में किया जा सकेगा। शुल्क जमा करने के लिए केवल सिस्टम द्वारा तैयार भुगतान चालान का प्रयोग किया जाए। (उदाहरण के लिए: यदि किसी ने अपना पंजीकरण 15/06/2013 को किया है तो वह शुल्क 18 से 21 जून 2013 तक जमा कर सकता/सकती है, चूंकि 16 जून 2013 कार्यदिवस नहीं है)। तथापि अंतिम दिन (अर्थात 11 जुलाई 2013) को पंजीकरण कराने वाले उम्मीदवार केवल 13 तथा 15 जुलाई 2013 को शुल्क जमा करा सकते हैं (14 जुलाई 2013 कार्यदिवस न होने के कारण)। शुल्क का भुगतान हो जाने के बाद पंजीकरण की प्रकिया पूरी हो जाएगी।

(IV) शुल्क का भुगतान हो जाने की तारीख से दो कार्यदिवसों के बाद उम्मीदवार को SMS/ई-मेल से पंजीकरण की पुष्टि प्राप्त हो जाएगी। ध्यान रहे कि आप सही मोबाइल नंबर/ ई-मेल पता दें, ताकि पंजीकरण की पुष्टि प्राप्त कर सकें।

**टिप्पणी-** शुल्क का भुगतान करने की तारीख से तीन दिन के बाद प्रस्तुत आवेदन का पुन: प्रिंट लेने का प्रावधान भी है, जिसमें शुल्क का विवरण भी रहेगा।

**विकल्प-II:** शुल्क का भुगतान: (ऑन-लाइन भुगतान):(I) उम्मीदवार ऑन-लाइन आवेदन में उपयुक्त स्थानों पर सभी ब्यौरे ध्यानपूर्वक भरें तथा ऑन-लाइन आवेदन फार्मेट के अंत में " SUBMIT" बटन पर क्लिक करें। "SUBMIT" बटन दबाने से पहले उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे भरे गए प्रत्येक फील्ड की पुन: जांच कर लें। (II) यदि उम्मीदवार एक ही बार में डेटा न भर पाएं तो वे पहले से भरे हुए डेटा को सेव (SAVE) कर सकते हैं। जब डेटा सेव किया जाता है तब सिस्टम द्वारा पंजीकरण संख्या तथा पासवर्ड तैयार किया जाएगा तथा स्क्रीन पर दिखाया जाएगा। उम्मीदवार पंजीकरण संख्या तथा पासवर्ड लिखकर रख लें। पंजीकरण संख्या तथा पासवर्ड दर्शाता हुआ एक ई-मेल तथा एसएमएस भेजा जाएगा। उम्मीदवार पंजीकरण संख्या तथा पासवर्ड का उपयोग करके सेव किया गया डेटा पुन: खोल सकते हैं तथा यदि आवश्यक हो तो ब्यौरे संपादित कर सकते हैं। इस सुविधा का प्रयोग **केवल तीन बार** किया जा सकता है। आवेदन के पूरी तरह भर जाने पर उम्मीदवार डेटा सबमिट करें। इसके बाद कोई भी परिवर्तन/संपादन करने की अनुमति नहीं होगी। (III) आवेदन फार्म में दिए गए सभी ब्यौरों की परिशुद्धता सुनिश्चित करने के बाद उम्मीदवारों के लिए अपेक्षित है कि वे स्क्रीन पर उपलब्ध अनुदेशों का पालन करते हुए आवेदन के साथ एकीकृत भुगतान गेटवे के माध्यम से शुल्क का भुगतान करें। इसके बाद किसी भी परिवर्तन/संपादन की अनुमति नहीं होगी।(IV) स्क्रीन पर मांगी गई जानकारी प्रदान करके भुगतान मास्टर/वीजा डेबिट/क्रेडिट कार्ड अथवा इंटरनेट बैंकिंग द्वारा भी किया जा सकता है। ऑन-लाइन भुगतान के लिए लेनदेन प्रभारों का वहन उम्मीदवारों द्वारा किया जाएगा। (V) लेनदेन (भुगतान कार्य) सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद ई-रसीद और आवेदन फार्म तैयार होगा; उम्मीदवार अपने रिकार्ड के लिए इसका प्रिन्ट ले सकते हैं। (VI) यदि ऑन-लाइन लेनदेन (भुगतान कार्य) सफलतापूर्वक पूरा नहीं हुआ है तो उम्मीदवार फिर से पंजीकरण करा सकते हैं। इसके लिए उम्मीदवार फिर से ऑन-लाइन आवेदन लिंक पर जाएं, अपने आवेदन के ब्यौरे फिर से भरें और ऑन-लाइन भुगतान करें। (VII) असफल लेनदेन (भुगतान कार्य) के लिए डेबिट की गई शुल्क राशि को उम्मीदवार के खाते में यथासमय लौटाया जाएगा।

**टिप्पणी-ई-रसीद और शुल्कर भुगतान के ब्यौरे सहित आवेदन फार्म को बाद में पुन: प्रिंट करने का प्रावधान भी है।**

**महत्त्वपूर्ण:**

ऑन-लाइन आवेदन जमा करने तथा /अथवा शुल्क के भुगतान में कोई कठिनाई होने पर **उम्मीदवार हैल्पलाइन नं. 022-29687111 पर संपर्क कर सकते हैं।**

9. **महत्वपूर्ण तारीखें:**

| | |
|---|---|
| **ऑन-लाइन आवेदन की शुरुआत** | **12/06/2013** |
| **शुल्क का भुगतान करने की अंतिम तारीख - ऑन-लाइन** | **आवेदन की तारीख तक परंतु 11/07/2013 के बाद नहीं** |
| **शुल्क का भुगतान करने की अंतिम तारीख - ऑफ-लाइन** | **आवेदन की तारीख से तीन कार्यदिवसों के भीतर परंतु 15/07/2013 के बाद नहीं** |
| **ऑन-लाइन आवेदन भरने की अंतिम तारीख** | **11/07/2013** |

(I) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि यह उनके हित में है कि वे अंतिम तारीख से काफी समय पहले ऑन-लाइन आवेदन करें तथा शुल्क जमा करने के लिए अंतिम तारीख की प्रतीक्षा न करें ताकि वे इंटरनेट पर भारी दबाव अथवा वेबसाइट जाम होने के कारण वेबसाइट पर लॉग ऑन न कर सकने/असफल होने से बच सकें।

(ii) अंतिम दिन उक्त कारणों अथवा किसी अन्य कारण से उम्मीदवार के आवेदन जमा करने में असमर्थ होने के लिए बोर्ड कोई दायित्व नहीं लेता।

10. **फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्कैन करने के लिए दिशानिर्देश**

ऑन-लाइन आवेदन करने से पहले उम्मीदवार के लिए अपेक्षित है कि उसके पास, नीचे दिए गए विशेष विवरण के अनुसार, उसके फोटो तथा हस्ताक्षर का स्कैन किया गया (डिजिटल) प्रतिरुप (इमेज) हो।

**(i) फोटोग्राफ इमेज :**

- आपका फोटोग्राफ नवीनतम और पासपोर्ट स्टाइल का कलर फोटो होना चाहिए।
- फोटो कलर में होना चाहिए और बैकग्राउंड हलके रंग में होनी चाहिए, बैकग्राउंड सफेद हो तो बेहतर रहेगा।
- शांत चेहरे से सीधे कैमरे की तरफ देखें।
- यदि फोटो धूप में लिया जा रहा हो तो इस प्रकार फोटो खींचे कि सूर्य आपके पीछे की ओर हो अथवा खुद को छाया में रखते हुए फोटो खिंचवाएं ताकि आपकी आंखें बंद नहीं हों और परछाई भी नहीं बने।
- यदि फ्लैश का प्रयोग किया हो तो 'रेड आई' नहीं आने पाए।
- यदि आप चश्मा लगाते हों तो ध्यान रखें कि कोई परावर्तन न हो तथा चश्मे के लेन्स से आपकी आंखें साफ दिखाई दें।
- टोपी, हैट और गहरे रंग के चश्मे वाले फोटो स्वीकार नहीं किए जाएंगे। सिर पर पहने जाने वाले धार्मिक वस्त्रों की अनुमति है लेकिन इससे आपका चेहरा ढका नहीं होना चाहिए।
- रिजोल्यूशन 200 x 230 पिक्सेल (बेहतर होगा)
- फाइल का आकार 20KB - 50 KB के बीच रहे।
- यह सुनिश्चित कर लें कि स्कैन की हुई इमेज फाइल का आकार 50KB से ज्यादा नहीं हो। यदि फाइल का आकार 50KB से अधिक बन रहा हो तो स्कैनिंग प्रक्रिया के दौरान dpi (dots per inch) रिजोल्यूशन, कलर संख्या आदि के लिए स्कैनर की सेटिंग बदल लें।

**(ii) हस्ताक्षर की इमेज:**

- उम्मीदवार सफेद कागज पर काली स्याही से हस्ताक्षर करें।
- उम्मीदवार स्वयं ही हस्ताक्षर करें, कोई दूसरा हस्ताक्षर नहीं करे।
- यही हस्ताक्षर प्रवेश पत्र पर और जहां भी जरूरी हुआ वहां प्रयोग किया जाएगा।
- रिजोल्यूशन 140 x 60 पिक्सेल (बेहतर)।
- फाइल का आकार 10KB - 20KB के बीच रहे।
- सुनिश्चित कर लें कि स्कैन की गई इमेज फाइल का आकार 20KB से अधिक नहीं हो।

**फोटोग्राफ और हस्ताक्षर की स्कैनिंग :**

- स्कैनर को न्यूनतम 200 dpi के रिजोल्यूशन पर रखें।
- कलर को True Color पर रखें।
- फाइल का आकार ऊपर बताए अनुसार रखें।
- स्कैनर में फोटो/हस्ताक्षर की इमेज पर एकदम किनारे पर crop करें, फिर अपलोड एडिटर में crop का प्रयोग कर इमेज को (ऊपर बताए अनुसार) अंतिम आकार दें।
- इमेज फाइल को JPG या JPEG फॉर्मेट में तैयार करें। उदाहरण के लिए फाइल का नाम : image01.jpg या image01.jpeg होना चाहिए। इमेज के आकार को फोल्डर फाइल की लिस्टिंग द्वारा या फाइल इमेज के आइकॉन पर माउस ले जा कर देख सकते हैं।

MS Windows/MSOffice का प्रयोग करने वाले उम्मीदवार MS Paint या MS Office Picture Manager का प्रयोग कर फोटो और हस्ताक्षर को आसानी से क्रमश: 50KB और 20KB के jpeg फार्मेट में तैयार कर सकते हैं। फोटो और हस्ताक्षर को स्कैन करके बनी हुई किसी भी फार्मेट की फाइल को File menu में "Save As' विकल्प का प्रयोग करके आसानी से jpg फार्मेट में सेव किया जा सकता है तथा Image मेनू में crop तथा resize [विकल्प पिक्सेल आकार के लिए कृपया ऊपर दिए हुए (i) और (ii) देखें] का प्रयोग करके फाइल आकार 50KB (फोटोग्राफ) तथा 20KB (हस्ताक्षर) से कम किया जा सकता है। अन्य फोटो एडिटरों में भी ऐसे विकल्प उपलब्ध हैं।

यदि फाइल का आकार और फार्मेट ऊपर बताए अनुसार नहीं हुआ तो error message दिखाई देगा। ऑन-लाइन आवेदन फार्म भरते समय उम्मीदवार पेज 1 पर अपने विवरण भरें, यह जांच लेने के बाद कि भरे गए विवरण सही हैं तो "Submit/ Next' बटन पर क्लिक करने के बाद ऑन-लाइन आवेदन फार्म के पेज 2 पर एक लिंक दिखाई देगा जिसके अनुसार अपना फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करें।

**फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करने का तरीका:**

(i) फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए दो अलग-अलग लिंक रहेंगे।

(ii) संबंधित लिंक अर्थात "Upload Photograph / Signature" पर क्लिक करें।

(iii) उस लोकेशन को Browse और Select करें जहां आपने स्कैन किए हुए फोटो/हस्ताक्षर की फाइल सेव की है।

(iv) फाइल पर क्लिक करके उसका चयन करें।

(v) "Upload' बटन पर क्लिक करें।

यदि आप अपना फोटो और हस्ताक्षर ऊपर बताए अनुसार अपलोड नहीं करेंगे तो आपका ऑन-लाइन आवेदन पंजीकृत नहीं होगा।

**टिप्पणी:**

(क) यदि फोटो में चेहरा या हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं है तो उम्मीदवार का आवेदन रद्द कर दिया जाएगा।

(ख) यदि फोटो या हस्ताक्षर अस्पष्ट हों तो उम्मीदवार अपने आवेदन को संपादित करें और अपने फोटो या हस्ताक्षर को फिर से अपलोड करें।

(ग) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि पंजीकरण के बाद सिस्टम से तैयार किए गए ऑन-लाइन आवदेन फार्म का प्रिंटआउट निकाल लें **परंतु यह प्रिंटआउट बोर्ड को न भेजें।**

(घ) **सभी पंजीकृत उम्मीदवारों के लिए अपेक्षित होगा कि वे चरण-I के लिए बैंक की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड करें** जो उचित समय परंतु ऑन-लाइन परीक्षा की तारीख से काफी पहले उपलब्ध कराया जाएगा। इसके बारे में सूचना ईमेल/एसएमएस द्वारा भेजी जाएगी। **उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इसका प्रिंटआउट निकाल लें तथा इसे हाल ही के पासपोर्ट आकार के फोटो के साथ (मूल रुप में) जिसे उन्होंने बोर्ड को ऑन-लाइन आवेदन करते समय अपलोड किया है।** परीक्षा(परीक्षाओं) के दिन अवश्य लाएं, जिसके बिना किसी भी उम्मीदवार को ऑन-लाइन परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाएगा।

(ङ)ऑन-लाइन आवेदन जमा करने तथा/अथवा शुल्क के भुगतान में कोई कठिनाई होने पर **उम्मीदवार हैल्पलाइन नं. 022-29687111 पर संपर्क कर सकते हैं।**